दुर्लभ मेलानिस्टिकि बाघ और लोधा जनजाति

[स्रोत: टाइम्स ऑफ इंडिया]

चर्चा में क्यों?

ओडिशा वन विभाग ने ओडिशा के [सिमिलिपाल टाइगर रिज़र्व (STR)] में एक **दुर्लभ मेलेनिस्टिकि बाघ के अवैध शिकार** के लिये **लोधा जनजाति** के 4 शिकारियों को गिरफ्तार किया है।

- उप-वयस्क मेलेनिस्टिकि बाघ एक **दुर्लभ समूह** का हिस्सा था, अनुमानतः विश्व में ऐसे केवल 20 बाघ ही बचे हैं।

मेलानिस्टिकि बाघ के संबंध में मुख्य तथ्य क्या हैं?

- **मेलानिज़्म और मेलानिस्टिकि टाइगर:** [मेलानिज़्म] एक आनुवंशिक स्थिति है, जिसमें **पशु अधिक मेलानिन का उत्पादन** करते हैं, जिसके कारण **उनकी त्वचा, फर या पंख गहरे या काले** हो जाते हैं।
  - **मेलेनिन** एक प्राकृतिक पदार्थ है जो त्वचा, बाल और आँखों को रंग देता है।
  - **STR** के [रॉयल बंगाल टाइगर] में एक अनोखी आनुवंशिक विशेषता होती है, जिसमें **मेलेनिन का स्तर अधिक** होता है, जिसके परिणामस्वरूप **काली और पीली धारियों का पैटर्न बनता है,** जो उन्हें **छद्म-मेलेनिस्टिकि** बनाता है।
    - **अखिल ओडिशा बाघ अनुमान (AOTE) 2023-24** रिपोर्ट का अनुमान है कि **STR में 27 बाघ** हैं, जिनमें **13 वयस्क छद्म-मेलेनिस्टिकि बाघ** शामिल हैं, जो एक अद्वितीय लक्षण है जो किसी अन्य **वन्य आवास** में नहीं पाया जाता है।

बाघों में अन्य रंग भिन्नताएँ क्या हैं?

- **काली अथवा भूरी धारियों वाला ऑरेंज टाइगर:** यह बाघ का **सबसे सामान्य तथा व्यापक** रूप से मान्यता प्राप्त प्रकार है। उदाहरणार्थ **रॉयल बंगाल टाइगर।**
  - प्रत्येक बाघ का **धारी पैटर्न अद्वितीय** होता है जो प्राकृतिक आवास में छद्मावरण (Camouflage) के रूप में कार्य करता है।
- **व्हाइट टाइगर:** उन्हें एक **अलग उप-प्रजाति नहीं** माना जाता है। **व्हाइट टाइगर के फर का रंग ल्यूसिज़्म नामक आनुवंशिक उत्परिवर्तन का परिणाम** है।
- **गोल्डन टाइगर:** इन्हें भी **एक अलग उप-प्रजाति नहीं माना जाता** है। इनका सुनहरा रंग ["वाइडबैंड"] नामक एक अप्रभावी जीन के कारण होता है, जो बालों के विकास के दौरान **मेलेनिन उत्पादन को कम** करता है।
  - यह भिन्नता [काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान] में देखी गई है।

//



सिमिलिपाल टाइगर रिज़र्व

- **अवस्थिति:** सिमिलीपाल **दक्कन प्रायद्वीप जैव-भौगोलिक क्षेत्र** में स्थित है।
- **वनस्पति:** इसमें **उष्णकटिबंधीय अर्द्ध-सदाबहार वन, उष्णकटिबंधीय नम पर्णपाती वन, शुष्क पर्णपाती पहाड़ी वन और विशाल घास** के मैदान मौजूद हैं।
- **फ्लोरा:** भारत के 7% पुष्प वाले पादप और 8% ऑर्किड प्रजातियाँ यहीं हैं।
- **जैवविविधता:** बाघों के अलावा अन्य प्रमुख प्रजातियों में **सांभर, चीतल, बार्किंग डियर, गौर, चूहा हिरण, तेंदुए, फिशिंग कैट** आदि शामिल हैं।
    - प्रबंधन प्रयासों ने **खैरी** और **देव** नदियों के किनारे **मगरमच्छों** की आबादी को पुनर्जीवित कर दिया है।
- इसे वर्ष 2009 से **ग्लोबल नेटवर्क ऑफ बायोस्फीयर** साइट के रूप में भी नामित किया गया है।

लोधा जनजाति

- यह **लगभग 3000** की आबादी के साथ **मयूरभंज और कटक,** ओडिशा में रहने वाला एक विशेष रूप से कमज़ोर जनजातीय समूह (PVTG) है।
  - **PVTG** अनुसूचित जनजातियों (ST) के अंतर्गत एक उप-श्रेणी है, जिसे सामान्य **ST आबादी की तुलना में अधिक असुरक्षित** माना जाता है।
  - ST समूह को PVTG सूची में वर्गीकृत करने से **उनकी जीवन स्थितियों में सुधार लाने और लक्षित सहायता प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करने में मदद** मिलती है।
    - **भारत में 75 PVTG** हैं, जिनमें से **सबसे अधिक 13 ओडिशा** में हैं, तथा उसके बाद 12 आंध्र प्रदेश में हैं।
- **भाषा:** कुडुमाली, ओडिया
- **उत्पत्ति:** ब्रिटिश द्वारा **आपराधिक जनजाति अधिनियम** के तहत वर्गीकृत, इनका नाम **??????? (जालसाज)** से लिया गया है।
- **व्यवसाय:** पारंपरिक रूप से **शिकारी-संग्राहक और टसर कोकून संग्राहक**; अब **कृषि, मजदूरी, रस्सी बनाने और छोटे व्यवसायों में संलग्न।**
- **आहार: मछली और कछुआ**

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

??????????:

प्रश्न. नम्निलखिति युग्मों पर वचिार कीजयि: (2013)

राष्ट्रीय उद्यान - पार्क से बहने वाली नदी

1. कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान - गंगा
2. काज़ीरंगा राष्ट्रीय उद्यान - मानस
3. साइलेंट वैली राष्ट्रीय उद्यान - कावेरी

उपर्युक्त युग्मों में से कौन-सा/से सही सुमेलति है/हैं?

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3
(c) केवल 1 और 3
(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

उत्तर: (d)

प्रश्न. नम्निलखिति बाघ आरक्षति क्षेत्रों में से "क्रांतकि बाघ आवास (Critical Tiger Habitat)" के अंतर्गत सबसे बड़ा क्षेत्र कसिके पास है? (2020)

(a) कॉर्बेट
(b) रणथंभौर
(c) नागार्जुनसागर-श्रीशैलम
(d) सुंदरबन

उत्तर: (c)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rare-melanistic-tiger-and-lodha-tribe